**Title**: Need to set up an oil refinery in Rajasthan.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The next item is: 'Matters under Rule 377'. Now, let us conduct the proceedings peacefully. Then, 'Zero Hour' would follow. Prof. Rasa Singh Rawat, you please read only the approved text and not add anything.

12.23 hrs.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** देश के अनेक राज्यो में जहां तेल एवं गैस पाये जाते हैं अथवा नहीं भी पाये जाते हैं वहां सरकार के द्वारा तेल शोधक कारखाने रिफाइनरीज स्थापित किए गए हैं जहां देश में पैदा किया हुआ अथवा विदेश से मंगाया हुआ 'क्रूड ऑयल' से शोधन कर पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, डामर, नाफ्था आदि ि वभिन्न उत्पाद तैयार किये जाते हैं । विगत कई वर्ाों से राजस्थान की विभिन्न सरकारों तथा राजनैतिक दलों की ओर से निरन्तर यह मांग उठती रही है कि जब पंजाब, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि विभिन्न राज्यो में जहां तेल गैस आदि की खुदाई नहीं होती है वहां अन्य राज्यों अथवा विदेशों से मंगाये हुए 'क्रूड ऑयल' को पाइप लाइनों द्वारा पहुंचाकर बड़े-बड़े तेल शोधक कारखाने स्थापित किये गये हैं । उसी प्रकार राजस्थान में भी तेल शोधक कारखाना स्थापित किया जाए । राजस्थान में जैसलमेंर, नागौर, बीकानेर आदि क्षेत्रों में तेल एवं गैस की खोज और खुदाई भी हो रही है तथा कुछ स्थानों पर तेल उपलब्ध भी हुआ है तथा राजस्थान तेल उत्पादक क्षेत्रों के नजदीक पड़ता है।

अत: भारत सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान में भी किसी उपयुक्त स्थान पर तेल शोधक कारखाना रिफाइनरी शीघ्र स्थापित की जाए ।